**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2816**
**उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026**

**आंध्र प्रदेश में मोबाइल टावर कनेक्शन का विस्तार**

**2816. श्री पुट्टा महेश कुमारः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार विशेषकर एलुरु जिले में निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यरत मोबाइल टावरों का ब्यौरा क्या है और उनकी कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश के लिए विशेष रूप से एलुरु जिले में मोबाइल टावर अवसंरचना के विस्तार और निर्माण के लिए आवंटित, स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मोबाइल टावरों के निर्माण और संबंधित अवसंरचना कार्यकलापों के परिणामस्वरूप आन्ध्र प्रदेश में युवाओं के लिए सृजित रोजगार और कौशल विकास के अवसरों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या आन्ध्र प्रदेश में किन्हीं मोबाइल टावर निर्माण परियोजनाओं में विलंब हुआ है और यदि हां, तो ऐसे विलंब के क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में चिन्हित सेवा से वंचित गांवों/स्थानों में 4जी मोबाइल सेवाओं के प्रावधान के लिए कई स्कीमें शुरू की हैं।

डीबीएन द्वारा वित्तपोषित मोबाइल स्कीमों के तहत, दिनांक 30.06.2026 तक आंध्र प्रदेश में 2,058 टावरों की स्थापना के माध्यम से 4,047 गांवों/स्थानों को 4जी मोबाइल सेवाओं से कवर किया गया है। एलुरु जिले में 56 टावरों की स्थापना के माध्यम से 65 गांवों/स्थानों को मोबाइल सेवाओं से कवर किया गया है।

दिनांक 30.06.2026 तक, आंध्र प्रदेश में कार्यरत जिला-वार बीटीएस (प्रौद्योगिकी-वार) अनुबंध-I के रूप में संलग्न हैं।

(ख) पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान डीबीएन की विभिन्न मोबाइल परियोजनाओं के तहत संवितरित धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-II के रूप में संलग्न है।

(ग) जी नहीं, ऐसा कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है।

(घ) आंध्र प्रदेश में, डिजिटल भारत निधि द्वारा निम्नलिखित मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं का वित्तपोषण किया जा रहा है:

i. वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी: चरण 2 (एलडब्ल्यूई-II)
ii. वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी: चरण- I 4जी उन्नयन (एलडब्ल्यूई-I 4जी उन्नयन)
iii. आकांक्षी जिलों में चिन्हित सेवा से वंचित गांवों में 4जी आधारित मोबाइल सेवाओं का प्रावधान।
iv. 4जी मोबाइल सेवाओं का सेचुरेशन

सड़क तक पहुंच उपलब्ध नहीं होने, भूमि आबंटन में विलंब, वन, वन्य जीव और मार्ग का अधिकार अनुमति आदि जैसे कारकों के कारण कुछ स्थलों के निष्पादन में विलंब हुआ है। ऐसे मुद्दों का समाधान राज्य सरकार के परामर्श से किया जाता है।

| 30.06.2026 | | | बीटीएस | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एलएसए का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जिले का नाम | 2जी बीटीएस | | | | | 3 जी बीटीएस | | | | | | 4जी बीटीएस | | | | | | 5जी बीटीएस | | | | | कुल योग |
| | | | एयरटेल | बीएसएनएल | एमटीएनएल | VI | 2 जी कुल | एयरटेल | बीएसएनएल | एमटीएनएल | VI | रिलायंस | 3 जी कुल | एयरटेल | बीएसएनएल | भारती डीएनपीएल | रिलायंस जियो | VI | 4 जी कुल | एयरटेल | बीएसएनएल | रिलायंस जियो | VI | 5G कुल | |
| | | **कुल** | **10581** | **4117** | **0** | **5768** | **20466** | **0** | **178** | **0** | **0** | **0** | **178** | **18945** | **5985** | **0** | **37661** | **9713** | **72304** | **5855** | **0** | **15409** | **97** | **21361** | **114309** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | अनंतपुरामु | 534 | 174 | 0 | 213 | **921** | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | **12** | 905 | 200 | 0 | 2279 | 304 | **3688** | 234 | 0 | 832 | 0 | **1066** | **5687** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | श्री सत्य साईं | 399 | 129 | 0 | 154 | **682** | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | **10** | 643 | 153 | 0 | 1539 | 210 | **2545** | 168 | 0 | 590 | 0 | **758** | **3995** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | अन्नामय्या | 363 | 161 | 0 | 160 | **684** | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | **3** | 650 | 216 | 0 | 1290 | 268 | **2424** | 195 | 0 | 538 | 0 | **733** | **3844** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | चित्तूर | 434 | 151 | 0 | 192 | **777** | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | **4** | 723 | 237 | 0 | 1494 | 318 | **2772** | 178 | 0 | 726 | 0 | **904** | **4457** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | तिरुपति | 609 | 223 | 0 | 286 | **1118** | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 | **17** | 1259 | 270 | 0 | 2117 | 486 | **4132** | 381 | 0 | 941 | 30 | **1352** | **6619** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | अल्लूरी सीताराम राजू | 103 | 61 | 0 | 0 | **164** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 109 | 567 | 0 | 749 | 0 | **1425** | 0 | 0 | 80 | 0 | **80** | **1669** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 295 | 102 | 0 | 184 | **581** | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | **9** | 552 | 113 | 0 | 946 | 336 | **1947** | 210 | 0 | 479 | 0 | **689** | **3226** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | पूर्वी गोदावरी | 381 | 133 | 0 | 238 | **752** | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | **3** | 731 | 173 | 0 | 1254 | 433 | **2591** | 297 | 0 | 604 | 0 | **901** | **4247** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | काकिनाडा | 402 | 137 | 0 | 261 | **800** | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | **3** | 793 | 186 | 0 | 1368 | 483 | **2830** | 308 | 0 | 612 | 0 | **920** | **4553** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | एलुरु | 431 | 187 | 0 | 285 | **903** | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | **6** | 729 | 256 | 0 | 1519 | 474 | **2978** | 244 | 0 | 660 | 0 | **904** | **4791** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | पश्चिम गोदावरी | 337 | 147 | 0 | 202 | **686** | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | **9** | 654 | 162 | 0 | 1202 | 382 | **2400** | 246 | 0 | 514 | 0 | **760** | **3855** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | बापटला | 320 | 106 | 0 | 190 | **616** | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | **6** | 552 | 108 | 0 | 994 | 334 | **1988** | 157 | 0 | 434 | 0 | **591** | **3201** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | गुंटूर | 451 | 182 | 0 | 311 | **944** | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | **8** | 938 | 224 | 0 | 1721 | 534 | **3417** | 328 | 0 | 730 | 0 | **1058** | **5427** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | पलनाडु | 406 | 142 | 0 | 271 | **819** | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | **6** | 675 | 157 | 0 | 1402 | 454 | **2688** | 196 | 0 | 554 | 0 | **750** | **4263** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | वाई एस आर | 466 | 206 | 0 | 213 | **885** | 0 | 19 | 0 | 0 | 0 | **19** | 816 | 246 | 0 | 1803 | 356 | **3221** | 216 | 0 | 753 | 0 | **969** | **5094** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | कृष्ण | 368 | 122 | 0 | 231 | **721** | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | **4** | 666 | 166 | 0 | 1214 | 401 | **2447** | 225 | 0 | 510 | 0 | **735** | **3907** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | एनटीआर | 486 | 199 | 0 | 309 | **994** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 969 | 248 | 0 | 1690 | 577 | **3484** | 331 | 0 | 738 | 0 | **1069** | **5547** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | कुरनूल | 443 | 165 | 0 | 243 | **851** | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | **10** | 789 | 198 | 0 | 1708 | 387 | **3082** | 241 | 0 | 650 | 0 | **891** | **4834** |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | नंदयाल | 383 | 150 | 0 | 205 | **738** | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | **9** | 624 | 169 | 0 | 1321 | 305 | **2419** | 184 | 0 | 476 | 0 | **660** | **3826** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 577 | 250 | 0 | 295 | **1122** | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | **6** | 1021 | 270 | 0 | 1897 | 489 | **3677** | 346 | 0 | 730 | 0 | **1076** | **5881** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | प्रकाशम | 274 | 89 | 0 | 175 | **538** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 466 | 95 | 0 | 883 | 296 | **1740** | 140 | 0 | 346 | 0 | **486** | **2764** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | मरकापुरम | 212 | 95 | 0 | 146 | **453** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 303 | 111 | 0 | 891 | 235 | **1540** | 68 | 0 | 272 | 0 | **340** | **2333** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | पार्वतीपुरम एम मान्यम | 152 | 102 | 0 | 57 | **311** | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | **6** | 202 | 168 | 0 | 552 | 68 | **990** | 27 | 0 | 172 | 0 | **199** | **1506** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | श्रीकाकुलम | 431 | 184 | 0 | 192 | **807** | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 722 | 232 | 0 | 1358 | 304 | **2616** | 177 | 0 | 572 | 0 | **749** | **4173** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम | 367 | 182 | 0 | 189 | **738** | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | **9** | 585 | 215 | 0 | 1150 | 322 | **2272** | 158 | 0 | 496 | 0 | **654** | **3673** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | अनाकापल्ली | 348 | 117 | 0 | 209 | **674** | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 599 | 178 | 0 | 1059 | 333 | **2169** | 171 | 0 | 450 | 0 | **621** | **3465** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 535 | 184 | 0 | 346 | **1065** | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 | **17** | 1183 | 271 | 0 | 2103 | 607 | **4164** | 421 | 0 | 900 | 67 | **1388** | **6634** |
| आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश | वे पोलावम | 74 | 37 | 0 | 11 | **122** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 87 | 396 | 0 | 158 | 17 | **658** | 8 | 0 | 50 | 0 | **58** | **838** |

**अनुबंध-II**

**पिछले पांच वित्त वर्षों (2021-22 से 2025-26) के दौरान डीबीएन की विभिन्न मोबाइल परियोजनाओं के तहत संवितरित धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार विवरण**

| क्रम संख्या | राज्यों का नाम | संवितरित की गई कुल निधि (राशि करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 138 |
| **2** | **आंध्र प्रदेश** | **1,249** |
| 3 | असम | 395 |
| 4 | बिहार | 195 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1,071 |
| 6 | गुजरात (दादर और नगर हवेली और दमन और दीव सहित) | 398 |
| 7 | हरियाणा | 3 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 324 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर (लद्दाख सहित) | 589 |
| 10 | झारखंड | 957 |
| 11 | कर्नाटक | 355 |
| 12 | केरल | 190 |
| 13 | लक्षद्वीप | 9 |
| 14 | महाराष्ट्र (गोवा सहित) | 1,738 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 930 |
| 16 | पूर्वोत्तर-I (मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा) | 453 |
| 17 | पूर्वोत्तर-II (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड) | 1,099 |
| 18 | ओडिशा | 2,024 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | पंजाब | 23 |
| 20 | राजस्थान | 832 |
| 21 | तमिलनाडु | 155 |
| 22 | तेलंगाना | 213 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 167 |
| 24 | उत्तराखंड | 335 |
| 25 | पश्चिम बंगाल (सिक्किम सहित) | 62 |
| | **कुल योग** | **13,904** |